

# नौमान अली टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे

## भारत के जसप्रीत बुमराह से सिर्फ 29 अंक पीछे

**लाहौर, 22 अक्टूबर**-पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर नौमान अली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है।

**अली को चार स्थान का फायदा, अब 853 रेटिंग अंक**

**शाहीन अफरीदी तीन पायदान चढ़कर 19वें स्थान पर पहुंचे**

**रिज़वान, बाबर और आगा ने भी रैंकिंग में सुधार किया**

**रयान रिकेल्टन पहली बार टॉप-50 में**



लाहौर में दक्षिण अफ्रीका पर 93 रन की जीत के दौरान नौमान ने कुल 10 विकेट झटके, जिससे उन्हें चार स्थान का फायदा हुआ। अब उनके कुल 853 रेटिंग अंक हैं और वे भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से सिर्फ 29 अंक पीछे हैं।

पाकिस्तान के लिए यह हफ्ता शानदार रहा। तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी भी चार विकेट लेने के बाद तीन स्थान की छलांग लगाकर 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी कई पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने सुधार किया है—मोहम्मद रिजवान चार स्थान ऊपर 16वें, बाबर आजम दो स्थान बढ़कर 22वें और सलमान आगा आठ स्थान की छलांग के साथ 30वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के जो रूट अब भी टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के रयान रिकेल्टन पहली बार टॉप 50 बल्लेबाजों में शामिल हुए हैं, जबकि टोनी डी ज़ॉरज़ी की शतकीय पारी ने उन्हें 54वें स्थान पर पहुंचा दिया।

### वन-डे और टी-20 रैंकिंग में भी उतार-चढ़ाव

एकदिवसीय और टी20 रैंकिंग में भी इस सप्ताह कई बदलाव हुए। ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श पर्थ में भारत के खिलाफ मैच जीतने के बाद दो स्थान चढ़कर 42वें स्थान पर पहुंचे। वहीं, जोश हेजलवुड 10वें और मिचेल स्टार्क 21वें स्थान पर आ गए। भारत के मोहम्मद सिराज एक साल बाद वापसी करते हुए 17वें स्थान पर लौटे हैं। बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज छह स्थान चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंचे। इंग्लैंड के हैरी ब्रूक 18 स्थान की छलांग लगाकर टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में संयुक्त रूप से 20वें और अदिल रशीद तीन स्थान ऊपर चढ़कर टी20 गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

## बीसीसीआई ने महिला प्रीमियर लीग पार्टनर कोटेशन आमंत्रित किए

**मुंबई, 22 अक्टूबर.** भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने महिलाओं की प्रीमियर लीग के लिए आधिकारिक भागीदार अधिकार प्राप्त करने हेतु प्रतिष्ठित संस्थाओं से कोटेशन आमंत्रित किए हैं। यह प्रक्रिया निविदा के माध्यम से की जाएगी। बोर्ड ने कोटेशन जमा करने और मूल्यांकन की शर्तों के साथ %कोटेशन अनुरोध% जारी किया है। इसकी प्रति प्राप्त करने के लिए गैर-रिफंडेबल शुल्क 1,00,000 रुपये और लागू कर देय है। विदेशी संस्थाओं के लिए शुल्क 1,140 अमेरिकी डॉलर निर्धारित किया गया है। कोटेशन केवल उन्हीं संस्थाओं को साझा किया जाएगा जिन्होंने भुगतान की पुष्टि बोर्ड को ईमेल के माध्यम से की हो। ब्लॉक किए गए और निषिद्ध उत्पाद श्रेणियों के लिए कोटेशन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ब्लॉक उत्पादों में वित्तीय सेवाएं, चार-पहिया वाहन, जल समाधान और पोषण शामिल हैं। निषिद्ध उत्पादों में शराब, जुआ, क्रिप्टो मुद्रा, ऑनलाइन पैसे के खेल और तम्बाकू शामिल हैं। बोर्ड ने कोटेशन प्रक्रिया को किसी भी समय बिना कारण बदले या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखा है।

# लक्ष्य सेन की फ्रेंच ओपन में शुरुआती हार

## मिश्रित युगल जोड़ी ने विजयी शुरुआत की

**सेसन-सेविग्ने, 22 अक्टूबर (वार्ता) भारत के लक्ष्य सेन को फ्रेंच ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में ही निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा। वह मंगलवार को सेसन-सेविग्ने के ग्लेज एरिना में आयरलैंड के नहत गुयेन से सीधे गेम में हार गए।**

**लक्ष्य सेन को आयरिश खिलाड़ी ने सीधे गेम में हराया**

**रोहन कपूर-रुथविका गाडे ने यूक्रेन की जोड़ी को हराया**

ओलंपिक्सडॉटकॉम वेबसाइट के अनुसार, सेसन-सेविग्ने के ग्लेज एरिना में विश्व के 29वें नंबर के आयरिश शटलर के खिलाफ बैडमिंटन रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज लक्ष्य सेन को 43 मिनट में 21-7, 21-16 से हार का सामना करना पड़ा।



इस बीच, भारत की मिश्रित युगल जोड़ी, रोहन कपूर और रुथविका गाडे ने मिश्रित युगल के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में यूक्रेन के ओलेक्सी टिटोव और येवहेनिया कांतेमिर को 21-12, 21-19 से हराया। यह भारतीय जोड़ी गुरुवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में दुनिया की छठे नंबर की फ्रांसीसी जोड़ी थॉम गिक्केल-डेल्फिन डेलरू से भिड़ेगी।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने इंग्लैड को छह विकेट से हराया

**इंदौर.** ऐनाबेल सदरलैंड (तीन विकेट/नाबाद 98 ) और एशले गार्डनर ( दो विकेट/ नाबाद 104) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने बुधवार को महिला एकदिवसीय विश्वकप के 23वें मुकाबले में इंग्लैंड को 57 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया.

आज यहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट 244 का स्कोर बनाया. इंग्लैंड के लिए सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट ने 105 गेंदों में 10 चौके और एक छक्के की मदद से 78 रन की पारी खेली. उनके अलावा



एलिस कैप्सी (38) और चार्ली डीन (26) ने उपयोगी योगदान देते हुए टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया. ऑस्ट्रेलिया के लिए एनाबेल सदरलैंड ने तीन विकेट लिए। एशले गार्डनर और सोफी मोलिन्यू को दो-दो विकेट मिले। अलाना किंग ने एक बल्लेबाज को आउट किया. 245 रनों के जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 68 रन के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिए थे. फीबी लिचफील्ड (एक) जॉर्जिया वॉल (छह), ऐलिसा पेरी (13) और बेथ मूनी (20) रन बनाकर आउट हुई ऐसे संकट की घड़ी में सदरलैंड और गार्डनर ने 180 रनों की शतकीय साझेदारी करते हुए टीम को 40.3 ओवरों में 248 का स्कोर कर जीत दिला दी। ऐनाबेल सदरलैंड ने 112 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 98) रन बनाये. एशले गार्डनर ने 73 गेंदों में 16 चौके लगाते हुए नाबाद 104 रनों की पारी खेली. इंग्लैंड की ओर से लिंसी स्मिथ ने दो विकेट लिये. लॉरेन बेल और सोफी एकल्सटन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया.





बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप

# युवा भारतीय शटलरों ने दम दिखाया

**चेंगदू (22 अक्टूबर)।** भारतीय खिलाड़ियों ने बैडमिंटन एशिया अंडर-17 एवं अंडर-15 चैंपियनशिप 2025 में अपने अभियान की मजबूत शुरुआत की है।

प्रतियोगिता के पहले दिन कई भारतीय खिलाड़ियों ने जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। भारत की 36 सदस्यीय टीम इस बार दोनों आयु वर्गों में पदकों के लिए चुनौती पेश कर रही है। अंडर-15 लड़कों के एकल वर्ग में एसएल दक्षण सुगुमारन ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी की और चीन के ल्यु की टिंग को 18-21, 21-14, 21-13 से हराया। वजीर सिंह ने भी तीन गेम के कड़े मुकाबले में शिया जुन लोंग को 21-18, 18-21, 21-17 से शिकस्त दी।

**यू-15 और यू-17 वर्ग में कई खिलाड़ी प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुँचे**

इसके अतिरिक्त, पुष्कर साई और प्रभु ध्यानी ने थाईलैंड के प्रतिद्वंद्वियों को सीधे गेम में हराकर राउंड ऑफ 64 मुकाबले जीते।

लड़कियों के एकल वर्ग में, अवनी राठौड़ ने यूएई की अनिष्का अनु को 21-4, 21-9 के आसान अंतर से पराजित किया।

# मैच फिटनेस के लिए रोहित और कोहली को खेलना चाहिए घरेलू क्रिकेट

**इंदौर 22 अक्टूबर.** पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता संजय जगदाले का मानना है कि सिर्फ एक प्रारूप (वनडे/टी20आई) खेल रहे भारत के महान बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा को लय और मैच फिटनेस बनाए रखने के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। जगदाले ने कहा कि दोनों दिग्गजों का 2027 विश्व कप का भविष्य उनके फॉर्म और फिटनेस पर निर्भर करेगा।उन्होंने कहा कि सिर्फ एक प्रारूप खेलने का फैसला कठिन है, क्योंकि नियमित रूप से नहीं खेलने से खेल प्रभावित होता है। उन्होंने ब्रायन लारा, मैथ्यू हेडन और आईपीएल में धोनी का उदाहरण देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद पहले जैसा प्रदर्शन न कर पाना स्वाभाविक है।दोनों बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में वापसी की थी, जहाँ वे कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे (रोहित 8, कोहली 0)। इस पर जगदाले ने जोर देकर कहा卐अभी तो 50 ओवरों का क्रिकेट कम खेला जाएगा। मैं उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलते देखना पसंद करूंगा।

**संजय जगदाले बोले**

**सिर्फ एक प्रारूप खेलने का फैसला कठिन**

# बार्सिलोना-आर्सेनल का चैंपियंस लीग में धमाका

## फर्मिन लोपेज की हैट्रिक, ग्योकेरेस के दो गोल निर्णायक



**मैड्रिड, 22 अक्टूबर (वार्ता)** फर्मिन लोपेज की हैट्रिक से एफसी बार्सिलोना ने अपने घरेलू मैदान पर ओलंपियाकोस को 6-1 से हराकर इस सीजन की अपनी दूसरी चैंपियंस लीग जीत दर्ज की। वहीं आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया।

फर्मिन लोपेज ने हैट्रिक लगाकर बार्सिलोना को ओलंपियाकोस के खिलाफ 6-1 से शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। स्पेन के विंगर ने मेजबान टीम को हाफ टाइम तक 2-0 की बढ़त दिला दी थी, लेकिन अयूब एल काबी ने ओलंपियाकोस के लिए पेनल्टी के जरिए जवाबी गोल दागा। फर्मिन लोपेज ने अपना तीसरा गोल 76वें मिनट में किया। लामिन यामल (68वें मिनट) और मार्कस रैशफोर्ड के दो गोलों से बार्सिलोना ने ओलंपियाकोस को 6-1 से हराया।

एक अन्य मुकाबले में आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया। आर्सेनल के लिए विक्टर ग्योकेरेस ने दो गोल किये। दोनों टीमों के बीच पहले हॉफ में कड़ा संघर्ष हुआ। इस दौरान दोनों टीमों के पास गोल के कई अवसर मिले लेकिन वे इसे भुनाने में विफल रहे। हॉफ टाइम के बाद सेंटर-बैक गेब्रियल मैगलहेस ने 57वें मिनट में डेक्लन राइस के सटीक फ्री-किक पर हेडर से गोल कर टीम का खाता खोला। आर्सेनल ने 14 मिनट में चार गोल किये।

# मजूमदार ने बल्लेबाजों को दी भरोसे की छड़ी

## महिला विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए आज न्यूजीलैंड पर जीत जरूरी

**मुंबई 22 अक्टूबर.** महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए जूझ रही भारतीय टीम की बल्लेबाजों को मुख्य कोच अमोल मजूमदार का पूरा समर्थन मिला है। बुधवार को मजूमदार ने टीम की आलोचनाओं से घिरी बल्लेबाजी इकाई का बचाव किया और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले करो या मरो के मुकाबले से पहले उनसे बड़ी पारियों की उम्मीद जताई।

भारत को अंतिम चार में पहुंचने के लिए गुरुवार को न्यूजीलैंड पर हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

मौजूदा टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाजों को अभी भी अपने पहले शतक का इंतजार है। इसके अलावा, सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल (70.99) और हरलीन देओल (75.11) का 80 से कम का स्ट्राइक रेट भी शीर्ष क्रम की धीमी बल्लेबाजी की समस्या को उजागर कर रहा है।

अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में विफलता पर पूछे गए सवाल के जवाब में मजूमदार ने कहा, हम अच्छी तरह जानते हैं कि इस विश्व कप में तीन अंक (शतक) का आंकड़ा नहीं छू पाए हैं। अगर आप पिछले डेढ़ साल यानी विश्व कप से पूर्व 18 महीनों पर नजर डालें तो मुझे लगता है कि हमने पहले से कहीं अधिक शतक लगाए हैं।

### दबाव में नहीं हैं खिलाड़ी



मजूमदार ने इस बात को खारिज कर दिया कि व्यक्तिगत बड़े स्कोर नहीं बनने के कारण भारतीय बल्लेबाज दबाव में हैं। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि किसी पर अधिक दबाव है। हमने इस बारे में ईमानदारी से चर्चा की है और खिलाड़ी भी ईमानदार रहे हैं कि हम अर्धशतक की बजाय उसे शतक में बदल सकते थे। वे इस बात से वाकिफ हैं और मुझे उम्मीद है कि अगले कुछ मैच में ऐसा होगा।



# 2013 के बाद जिम्बाब्वे की पारी से धमाकेदार जीत

**हरारे 22 अक्टूबर.** ज़िम्बाब्वे ने हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को दो दिन शेष रहते हुए पारी और 73 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की है।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की टीम पहली पारी में सिर्फ 127 रन पर ऑलआउट हो गई थी।जवाब में, ज़िम्बाब्वे ने बेन करन के शानदार पहले टेस्ट शतक (121 रन) की बदौलत 359 रन बनाए और 232 रनों की बड़ी बढ़त हासिल की। करन को उनके निर्णायक प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।दूसरी पारी में भी अफगानी बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे और पूरी टीम महज 159 रन पर सिमट गई। अफगानिस्तान के लिए केवल इब्राहिम जादरान (42) और बहीर शाह (32) ही कुछ देर टिक

**▸ बेन करन ने टेस्ट डेब्यू में शतक जड़ा और प्लेयर ऑफ द मैच बने**

### इस्मत आलम को फटकार

**दुबई.** अफगानिस्तान के खिलाड़ी इस्मत आलम को हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस्मत को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते पाया गया, जो 'किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद फेंकने' से संबंधित है। 24 महीने में उनका पहला अपराध देखते हुए उन्हें फटकार लगाई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है।

**नाम वापस** ▸ **ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने सोशल मीडिया पर फिटनेस समस्या बताई**

# नोवाक जोकोविच पैर की चोट के कारण पेरिस मास्टर्स से हटे

**पेरिस। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अगले सप्ताह होने वाले पेरिस मास्टर्स टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर इस फैसले की घोषणा करते हुए उन्होंने अपनी फिटनेस को इसका कारण बताया।**

**सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी में पैर की चोट के कारण मैच बीच में छोड़ा**

**इस सीजन में ग्रैंड स्लैम के अलावा केवल आठ एटीपी टूर्नामेंट खेले**



यह निर्णय तब आया है जब कुछ ही दिन पहले वह एक प्रदर्शनी मुकाबले (सिक्स किंग्स स्लैम) के दौरान पैर की चोट के कारण मैच बीच में छोड़कर बाहर हो गए थे। 38 वर्षीय जोकोविच इस सीज़न में ग्रैंड स्लैम के अलावा कम ही सक्रिय रहे हैं। उन्होंने केवल आठ एटीपी टूर स्पर्धाओं में भाग लिया है। हालांकि, बड़े टूर्नामेंटों में उनका प्रदर्शन शानदार रहा; वह इस सीजन में ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और यूएस ओपन, चारों मेजर में सेमीफाइनल तक पहुँचे थे। मई के अंत से लेकर सितंबर के अंत तक, उन्होंने केवल तीन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में हिस्सा लिया। शंघाई मास्टर्स, जो उनका सबसे हालिया आधिकारिक टूर्नामेंट था, वहाँ भी सेमीफाइनल में बाहर होने के दौरान वह कूल्हे के दर्द से जूझ रहे थे।

### सिक्स किंग्स स्लैम में वापसी

जोकोविच पिछले सप्ताह सऊदी अरब में आयोजित सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी इवेंट में भाग लेने वाले छह शीर्ष खिलाड़ियों में से एक थे। शुरुआती बाई मिलने के बाद, वह जैनिक सिनर से हार गए। इसके बाद तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में उन्होंने टेलर फ्रिट्ज़ का सामना किया, लेकिन एक सेट खेलने के बाद ही चोट के कारण उन्हें मुकाबला छोड़ना पड़ा। पेरिस मास्टर्स से बाहर होने के बाद, अब जोकोविच का अगला संभावित टूर्नामेंट एटीपी फाइनल्स हो सकता है, जो 9 से 16 नवंबर तक इटली के ट्यूरिन में आयोजित किया जाएगा। जोकोविच 2024 में एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने के बावजूद उसमें शामिल नहीं हुए थे।